पत्र पाथेय

(अपने अनुचर के नाम परमपूज्य गुरुदेव के लिखे ८९ पत्रों का अनुपम संकलन)



-पं० लीलापत शर्मा

: BOOK MADE AVAILABLE FOR DIGITIZATION BY :

VICHARKRANTI PUSTAKALAY

SURAT, INDIA

: OUR MAIN CENTERS :

Shantikunj, Haridwar,
Uttaranchal, India – 249411
Phone no : 91-1334- 260602,
Website : www.awgp.org
E-mail : shantikunj@awgp.org

Gayatri Tapobhumi,
Mathura, U.P., India – 281003
Phone no : 91-0565-2530128,
Website : www.awgp.org
E-mail : yugnirman@awgp.org

: BOOK DIGITIZED BY :

Vicharkranti Pustakalay, Thana-Faliya, Dindoligam, Surat-394210, Gujarat, India
E-mail: vicharkranti.awgp@gmail.com | Website : www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पत्र पाथेय

www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org



(अपने अनुचर के नाम परमपूज्य गुरुदेव के लिखे ८९ पत्रों का अनुपम संग्रह)

-पं० लीलापत शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्रकाशक :

युग निर्माण योजना, मथुरा

सन् १९९८ :

प्रथम संस्करण

www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

मूल्य : ५०.०० रुपया

मुद्रक :

युग निर्माण प्रेस, मथुरा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आत्म निवेदन....

इसे परम पूज्य गुरुदेव का अनुग्रह ही कहना होगा कि बीस वर्ष तक उनका अनवरत् सान्निध्य मिला । अपनी ओर देखते हैं तो ऐसा कुछ नहीं लगता कि उसे पूज्यवर के स्नेह अनुग्रह और अनुकम्पा के योग्य समझा जाये । अपनी पात्रता बताया जाये । एक सामान्य परिवार में जन्म, सामान्य शिक्षा, ऐसी किसी भी लौकिक उपलब्धि का अभाव जिसे युग निर्माण परिवार जैसे संगठन की सेवा में लगाया जा सके । पूज्य गुरुदेव ने इसके बावजूद अपनाया तो उनका स्नेह ही मानेंगे । स्वजन-परिजन कहते हैं कि 'समर्पण' और 'साहस' ही था जिसने हमें उनके निकट पहुँचाया । हो सकता है कि इसमें कोई सच्चाई हो लेकिन अपना मन उनके स्नेह को ही कारण मानने में प्रसन्न और संतुष्ट होता है ।

पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में बिताये बीस वर्षों में १९६५ से १९७१ के बीच की अवधि तो ऐसी रही कि अहर्निश उनके साथ रहना पड़ा । इन सात वर्षों में सैकड़ों गायत्री महायज्ञ और युग निर्माण सम्मेलन हुए । तीन-तीन दिन के इन आयोजनों में गुरुदेव प्रायः सभी जगह पहुँचे । उनकी उपस्थिति और उद्‌बोधनों ने युग निर्माण आन्दोलन के बीज बिखेरे । लोक चेतना ने उन बीजों को ग्रहण किया । १९७१ के बाद मिशन का मत्स्यावतार की तरह जो विस्तार हुआ उसे पिछले सात वर्षों में हुए सम्मेलनों की परिणति ही मानना चाहिए । इन महायज्ञ सम्मेलनों में प्रायः प्रत्येक आयोजन में हमें भी गुरुदेव के साथ जाने का अवसर मिला । आयोजन स्थल पर एक दिन पहले पहुँचते, वहाँ की व्यवस्था आदि देखते । कार्यक्रम को बेहतर और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक हेर-फेर और प्रबंध की सलाह देते । पता नहीं उसका कितना असर होता था लेकिन पूज्य गुरुदेव ने हमारे प्रयासों को हमेशा सराहा और बढ़ावा ही दिया ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जहाँ भी जाना हुआ । पूज्य गुरुदेव ने हमारा परिचय यह कह कर दिया कि सब परिजन इसे अपना बड़ा भाई समझें । हमारे बाद गायत्री तपोभूमि और युग निर्माण आन्दोलन का संगठन पक्ष यही संभालेंगे । यह परिचय सुनकर हमें संकोच होता । एकाध अवसर पर पूज्यवर से अपना संकोच बताया भी । वे समझाते-'व्यक्ति कुछ नहीं होता । ईश्वरीय शक्ति को उससे जो काम कराना होता है, उस काम के योग्य वह व्यक्ति को स्वयं ही गढ़ लेती है । आगे से अपना मन छोटा मत करना ।' यह आश्वासन देने के बाद पूज्य गुरुदेव ने हमें कहाँ से कैसे गढ़ा, कितना काटा छांटा और क्या स्वरूप दिया हम नहीं जानते, लेकिन परिजन कहते हैं कि उन्होंने जो दायित्व सौंपा उसे हमने भली-भाँति निभाया है ।

यह सब लिखने का कारण ? कारण सिर्फ यह निवेदन है कि पूज्य गुरुदेव से जो दिशा मिली, उन्होंने एक दायित्व निभाने के लिए हमें जिस तरह तैयार किया, वह प्रक्रिया उनके प्रत्यक्ष सान्निध्य में ही सम्पन्न हुई । वे कह-सुनकर, प्रयोग परीक्षण द्वारा और अपनी देखरेख में ही सिखाते चलते थे । उनकी लेखनी और वाणी से बुद्धि ने युग निर्माण आन्दोलन का दर्शन पक्ष सीखा-समझा । लेकिन मिशन की सेवा में हमसे जो कुछ बन पड़ा है वह उनके द्वारा हाथ पकड़कर सिखाया गया ही ज्यादा है । उस शिक्षण का एक अंश पूज्य गुरुदेव द्वारा लिखे गये पत्र भी हैं । ये पत्र उस शिक्षण का एक छोटा-सा हिस्सा हैं । परिजन पायेंगे कि पूज्य गुरुदेव अपने सृजन सैनिकों को किस तरह तैयार करते और उन्हें महाकाल का आह्वान सुनने के लिए जगाते थे ।

पत्र व्यक्तिगत हैं । निजी पत्रों को सार्वजनिक करने का रिवाज नहीं है । गुरु शिष्य के, पिता-पुत्र के, पति-पत्नी के, भाई-भाई के पत्रों में बहुत सी बातें ऐसी होती हैं जो दोनों के बीच ही सीमित रहनी चाहिए । किसी तीसरे के सामने उन्हें प्रकट करने से कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता । जोखिम यह ज्यादा रहता है कि नितान्त वैयक्तिक किस्म की बातों का लोग उपहास उड़ाने लगेंगे । वर्षों तक इन पत्रों को हमने हीरे-मोतियों की तरह संभाले रखा । पिछले कुछ महीनों से यह चिन्तन उभरा कि इन्हें सबके सामने प्रस्तुत कर देना चाहिए ।

पूज्य गुरुदेव की लिखी एक-एक पंक्ति हमारे लिए वेद वाक्य की तरह है, जो जितनी बार पढ़े नये-नये अर्थ देती है । परिजन इन्हें किस रूप में ग्रहण करेंगे, नहीं मालूम । इनके प्रकाशन की प्रेरणा उभरी तो निश्चित ही इसके पीछे 'प्रज्ञावतार' की कोई

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कल्याणकारी मंशा ही रही होगी । इस संदर्भ में यह उल्लेख किये बिना जी नहीं मानता कि गायत्री तपोभूमि, मथुरा में जिस दिन से परम पूज्य गुरुदेव और वंदनीया माता जी के पार्थिव अवशेष पधारे, उस दिन के बाद से ही इस तरह की कई प्रेरणायें उभरती रहीं । नये साहित्य का लेखन प्रकाशन विचार क्रांति योजना के अन्तर्गत छोटी पुस्तकें तैयार करने, संपर्क शिविर लगाने और सृजन सैनिकों से संपर्क बढ़ाने के अभिनव प्रयास उन्हीं प्रेरणाओं के परिणाम हैं । प्रयास बहुत धूम-धाम से नहीं हुए लेकिन परिजनों ने जिस उत्साह से उनका स्वागत किया उससे हमें संतोष है । नया साहित्य बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहा है । साल भर पहले छपी कुछ पुस्तकों के तीन-चार संस्करण निकल चुके हैं और उनकी मांग निरन्तर बनी हुई है । जिस प्रखर प्रज्ञा और सजल श्रद्धा ने आन्दोलन को नये सिरे से संवारने की प्रेरणा दी, उसी का आदेश हुआ कि परम पूज्य गुरुदेव के पत्रों को सार्वजनिक किया जाय ।

इन पत्रों में पूज्य गुरुदेव के विभिन्न रूपों के दर्शन होंगे । ''महामानव'' और ' 'युग पुरुष'' के रूप में उनका विराट रूप हमारी कल्पना से परे है । उसे देखने की जितनी बार भी कोशिश की, एक झलक देखते ही अर्जुन की तरह अपना मन कांप उठा । गीता के ग्यारहवें अध्याय में अर्जुन भगवान का विराट रूप देखकर कहता है कि, हे प्रभो ! आप मुझे अपना वही रूप दिखाइयें, जिसका दर्शन और सान्निध्य मुझे हर पल मिलता रहता है । पूज्य गुरुदेव का विराट रूप भी रोमांचित, प्रभावित और प्रेरित करता है । लेकिन हम सभी परिजनों ने उन्हें स्नेहिल पिता करुणा और अनुग्रह से भरी मार्गदर्शक सत्ता के रूप में ही ज्यादा अनुभव किया है । वही रूप सबको प्रिय भी लगता है और दैनिक जीवन में उपयोगी भी ।

इन पत्रों में कई जगह अत्यन्त साधारण व्यवहार की बातें आई हैं । उदाहरण के लिए हिसाब-किताब और पत्रिका नहीं मिलने पर दोबारा भेजने जैसे मामूली विषयों का भी जिक्र । परम पूज्य गुरुदेव जैसे रहस्यदर्शी और अवतारी सत्ता की कलम से निकली ये बातें कई लोगों को चौंका सकती हैं । गंभीरता से देखें तो चौंकने का कोई कारण नहीं बनता । महामानवों और अवतारी सत्ताओं को ही साधारण काम करने पड़े हैं । भगवान राम वनवास के दिनों में लकड़ियां बीनने और फूल चुनने जाया करते थे । लंका पर आक्रमण करने के लिए उन्होंने गुफाओं और कंदराओं में जाकर रीछ-वानरों से संपर्क किया । भगवान कृष्ण ने गायें चरायीं । साथियों की खोई गेंदें तलाशीं और रथ हांकने,

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

घोड़ों को संभालने जैसे काम किये । साधारण दिखाई देने वाले कामों से अवतारी सत्ताओं की 'भगवत्ता' कम नहीं होती बल्कि उस कर्म की महत्ता ही सिद्ध होती है । कर्म कितना ही छोटा और मामूली हो, कुशलता से किया जाना चाहिए । उसमें मनोयोग और तत्परता का समावेश रहे । वह भगवान के प्रति प्रीति का भाव रखते हुए उनके लिए ही किया जाय । हमें लगता है कि पूज्य गुरुदेव के पत्रों में ही नहीं उनके लीला चरित में भी ऐसे कितने ही प्रसंग हैं, जिनमें कर्म को पूजा, आराधना और योग में परिणत करने के सूत्र छिपे हुए हैं ।

पत्र प्रायः १९६१ से १९६७ के बीच लिखे गये हैं । उन दिनों हमारी मथुरा आने की तैयारी चल रही थी । मन कभी आने के लिए सन्नद्ध होता, कहता कि अभी बोरिया बिस्तर समेट कर चल पड़ें और कभी उतनी ही तेजी से पीछे भागता । पूज्यवर के प्रत्यक्ष सान्निध्य और संपर्क के अलावा इन पत्रों ने भी हमारे तब के अनगढ़ मन को संवारा और दिशा दी है । जब भी समय मिलता, इन्हें खोलकर बैठ जाते और कोई एक पत्र खोलकर पढ़ने लगते । कई बार तो पढ़ने के बजाय गुरुदेव के हाथ से लिखे शब्दों को उनकी लिपि को ही निहारने लगते । वह निहारना भी जैसे ध्यान बन जाता और मन में नया ही अर्थ उभरता । इन पत्रों ने कई बार दुविधा, संशय और परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हुई खिन्नता में भी सहारा दिया है । जब भी ऐसे क्षण आये तो हम इन्हें लेकर बैठ गये और पढ़ते हुए किसी भी क्षण प्रकाश कौंधने की-सी अनुभूति होती । उस प्रकाश में समस्यायें और दुविधायें तार-तार हो जातीं, समाधान मिल जाता । परिजनों के सामने इन्हें इसी विश्वास के साथ प्रस्तुत किया है कि उनके आन्तरिक, व्यक्तिगत और पारिवारिक, सामाजिक जीवन में भी वैसा ही प्रकाश मिलेगा जैसा हमें मिलता रहा । इन्हें व्यक्ति विशेष को लिखा गया न मानकर मार्गदर्शक सत्ता द्वारा उसके पथ पर चल रही चेतना को दिखाया गया प्रकाश समझें । गुरु का शिष्य के प्रति अनुग्रह मानें तो विश्वास रखिए कि यह भगवत गीता की तरह उपयोगी सिद्ध होंगे । गीता भी तो अपने मूल रूप में श्रीकृष्ण और अर्जुन का वैयक्तिक संवाद ही है । हजारों सालों से फिर भी वह लाखों साधकों को श्रेय पथ पर चलने की प्रेरणा और शक्ति दे रही है ।

-पं० लीलापत शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org


www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org




गायत्री तपोभूमि, मथुरा

गायत्री साधना, तपश्चर्या, स्वाध्याय एवं अन्वेषण का अखिल भारतीय आध्यात्मिक केन्द्र।

क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क ६-६-६१



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक-९-८-६१

हमारे आत्मस्वरूप,

आपका पत्र मिला । माताजी और हमने उसे कई बार पढ़ा । पढ़कर आँखों में आँसू छलक आये । हम तुच्छ हैं पर हमारे प्रति आपकी जो श्रद्धा है वह महान है । आपकी यह महानता यदि स्थिर रही तो आप उसी के बल पर पूर्णता प्राप्त कर लेंगे । श्रद्धा अपने आप में एक स्वतन्त्र तत्व है और इतना शक्तिशाली है कि उसके द्वारा मिट्टी का ढेला सचमुच के गणेश का काम कर सकता है । आपकी यही चिर संचित आध्यात्मिक सम्पत्ति आपके लिए सब प्रकार श्रेयस्कर हो ऐसी हमारी आन्तरिक कामना है ।

अखण्ड ज्योति हमारी वाणी है । लोगों तक अपने विचार पहुंचाने का एक मात्र माध्यम यही है । नियमित रूप से हमारा किसी के साथ सम्पर्क रखना भी इसी आधार पर संभव होता है । पत्रिका में हर साल कुछ घाटा ही रहता है इसलिए आर्थिक दृष्टि से किसी के ग्राहक रहने न रहने में कोई आकर्षण नहीं है, पर चूंकि हमें लोगों तक अपनी भावना पहुंचाने में सुविधा होती है और इससे जन हित भी बहुत कुछ होता है इस दृष्टि से अखण्ड ज्योति की सदस्यता बढ़ने का महत्व बहुत है ।

गुरुपूर्णिमा के पुनीत पर्व पर आपने कुछ सदस्य बढ़ाये यह प्रसन्नता की बात है । डबरा के सब सदस्यों की पत्रिकायें आपके पास ही रजिस्ट्री से हर महीने भेज दी जाया करेंगी ।

अपनी धर्मपत्नी तथा बच्चों को हमारा आशीर्वाद कहें । माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा


Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org


गायत्री तपोभूमि, मथुरा

गायत्री साधना, तपश्चर्या, स्वाध्याय एवं अन्वेषण का अखिल भारतीय आध्यात्मिक केन्द्र।

क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क १९



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक-१८-८-६१

हमारे आत्मस्वरूप,

आपका पत्र मिला, पढ़कर बढ़ा संतोष हुआ । आपकी ऋषि आत्मा इसी जीवन में पूर्णता का लक्ष प्राप्त करे इसके लिए हमारी आन्तरिक अभिलाषा है । हमारे प्रयत्न भी इसी दिशा में चल रहे हैं । आपकी आत्मा इस थोड़ी सी अवधि में कितनी ऊँची चढ़ चुकी यह हमें प्रत्यक्ष दीखता है और यह विश्वास दिन-दिन पक्का होता जाता है कि आप अब जीवन के परम लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त करके रहेंगे । आपकी प्रगति आगे और भी तीव्र गति से बढ़ेगी ।

ट्रैक्टों के अनुवाद में कोई भूल चूक होगी तो उसे कोई उर्दू जानने वाला ही निकाल सकेगा । हमें दिखाना व्यर्थ है । कोई उर्दू जानकार और उधर हो तो उसे दिखा लें । आपका यह प्रयत्न सब प्रकार सराहनीय है ।

हम किसी से कुछ कहना चाहते हैं तो वह अखण्ड ज्योति के माध्यम से ही कहते हैं । इसलिए पत्रिका हमारी वाणी है । आप उसके सदस्य बढ़ाकर हमारे ज्ञान यज्ञ का ही विस्तार कर रहे हैं । यह उत्तम है । आर्थिक दृष्टि से ग्राहक बनाने का कोई महत्व नहीं पर अपने मिशन के विस्तार की दृष्टि से यह एक बहुत बड़ी बात है ।

रविवार की बिशेष साधना चालू रखें, उससे आपको अधिक आत्मबल प्राप्त होगा ।

बच्चों को हमारा आशीर्वाद कहें । माता जी आपको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org


www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



गायत्री तपोभूमि, मथुरा

गायत्री साधना, तपश्चर्या, स्वाध्याय एवं अन्वेषण का अखिल भारतीय आध्यात्मिक केन्द्र।


क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क ३०-९-६१



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

दिनांक-३०-९-६१

हमारे आत्मस्वरूप,

आपका पत्र मिला, पढ़कर मिलने के ही समान प्रसन्नता हुई । आप डबरा रहते हुए भी आत्मिक दृष्टि से मथुरा ही रहते हैं । नवरात्रि में आप वहां का कार्यक्रम प्रेम पूर्वक चलावें । ऐसे आयोजनों से दूसरों को धर्म मार्ग पर प्रेरणा मिलती रहती है ।

दस वर्ष हमारा अभी इधर रहना और है । इस अवधि में आपको उसी स्तर पर पहुँचा देने का हमारा विचार है जिस पर आज हम स्वयं हैं । यह जीवन आपका पूर्णतया सफल और सार्थक हो ऐसी हमारी आन्तरिक कामना है ।

ऋषियों के विचार ही हमारी वाणी और लेखनी द्वारा निकलते रहते हैं, उनका विस्तार करना ऋषि ऋण चुकाना ही है । हम और आप उस एक ही कार्य में लगे हुए हैं ।

हवन सामिग्री रेल से भिजवा रहे हैं । घर में सबको हमारा आशीर्वाद कहें । माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।


श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गायत्री साधना, तपश्चर्या, स्वाध्याय एवं अन्वेषण का अखिल भारतीय आध्यात्मिक केन्द्र ।

क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क ..... ७ ..... ९ ..... ६७



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

दिनांक-७-१०-६१

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला, पढ़कर प्रसन्नता हुई । आपकी आत्मा की दिन-दिन प्रगति होते देखकर हमें आन्तरिक प्रसन्नता होती है ।

पत्रिकायें भेजने के लिए सत्यदेव को कह दिया है, वे जल्दी ही सब चीजें भेज देंगे । हवन सामग्री पहुंची होगी ।

नवरात्रि में आप लोगों का साधना क्रम चलेगा ही, अगले वर्ष का कार्यक्रम अक्टूबर अंक के आधार पर बनावें ।

अपनी धर्मपत्नी तथा बच्चों को हमारा आशीर्वाद कहें । माता जी स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



गायत्री तपोभूमि, मथुरा


गायत्री साधना, तपश्चर्या, स्वाध्याय एवं अन्वेषण का अखिल भारतीय आध्यात्मिक केन्द्र ।

क्रमाङ्क .....

दिनाङ्क १०-१०-६१

www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक-१०-१०-६१

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । हवन सामग्री पहुंच चुकी होगी । यहाँ से भेजी जा चुकी है । ४० अंक अक्टूबर के तथा २० सैट सवा रुपये वाले रेल्वे पार्सल से आज और भिजवा रहे हैं । पार्सल बहुत छोटा रह जाता इसलिए इन चीजों की संख्या कुछ बढ़ा दी है ।

आपका नवरात्रि आयोजन सानंद सम्पन्न होगा । उसमें भाग लेने वाले सब स्वजनों को हमारा आशीर्वाद पहुंचा दें । कार्यक्रम बहुत ही सुन्दर बना है । विचारों का विस्तार धर्म आयोजनों का प्रधान उद्देश्य है । आपने उसके लिए समुचित व्यवस्था रखी है । यह जानकर संतोष होता है ।

केवल जल लेकर उपवास करने से कार्यक्रम में बाधा पड़ेगी । आपकी कमजोरी बढ़ जायगी इसलिए फल, दूध पर ही उपवास करें । यह पत्र पाने पर जल का उपवास छोड़ दें ।


केदारनाथ गुप्त का पत्र भिंड से आया है। उनने शाखाओं का सम्मेलन २२-२३ तारीख को रखा है । आपको बुलाने के लिए उनका विशेष आग्रह है । हमें पत्र लिखा है कि हम आप पर विशेष जोर देकर भिण्ड आने को कहें । सो यदि संभव हो सके तो उनके सम्मेलन में जान डालने की कोशिश करें । उनका पत्र एवं छपा पर्चा भेज रहे हैं ।

माता जी आप सबको आशीर्वाद लिखाती हैं । यहाँ सब कुशल है ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक-१४-१०-६१

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला, कुशल समाचार जाने । आपने फल दूध पर उपवास आरंभ कर दिया यह ठीक है । इससे आपकी नवरात्रि आयोजन को संभालते रहने की शक्ति बची रहेगी । आपके भिण्ड पहुंचने से केदारनाथ जी के कार्यक्रम में बहुत सहायता मिलेगी ।


ऋषियों की वाणी का हम और आप दोनों ही प्रचार कर रहे हैं । उसका मूल उद्गम ऋषियों की आत्मा है । हम आप तो लाउडस्पीकर मात्र हैं । हमें अपने ब्राह्मण शरीर का सदुपयोग इस प्रकार के प्रचार द्वारा ही करना उचित था, सो हो रहा है । यह संतोष की बात है ।

माता जी आपको तथा सब बच्चों को स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक-२४-१०-६१

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । नवरात्रि में आपकी व्यक्तिगत साधना और सामूहिक आयोजनों का समाचार पढ़कर बड़ा संतोष हुआ । आस्तिकता, साधना, तपश्चर्या और धर्म प्रवृत्ति इस संसार में आपके सत्प्रयत्नों से बढ़ रही है, यह देखकर हमारी अन्तरात्मा गद्‌गद् हो जाती है । आप इन ब्राह्मणोचित् सत्कर्मों को पूर्ण श्रद्धा के साथ करते रहें । अपनी व्यक्तिगत साधना एवं आत्मोन्नति की ओर अधिक ध्यान रखें ।

भिण्ड से लौटने पर वहां के समाचारों से सूचित करें ।

जो उपासक नैष्ठिक हों उन्हें पंच कोशों वाले साधना क्रम में लगावें । अक्टूबर अंक हर साधक के पास होना चाहिए । मुफ्त देने की अपेक्षा इसे चार आने लेकर देने में वे लोग इसका महत्व समझेंगे । इस प्रयत्न में अधिक ध्यान देना चाहिए । पहले वाले अंक समाप्त हो गये हों तो और मंगा लेने चाहिए । उस प्रदेश में २४० अंक लोगों तक पहुंचाने का प्रयत्न करें ।

घर में सबको हमारा आशीर्वाद और माता जी का स्नेह कहें ।


श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गायत्री साधना, तपश्चर्या, स्वाध्याय एवं अन्वेषण का अखिल भारतीय आध्यात्मिक केन्द्र ।

क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क १९-१०-६१



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक-२८-१०-६१

हमारे आत्म स्वरूप,

पत्र मिला, वृत्त जाना । आपकी ऋषि प्रवृत्ति को दिन-दिन बढ़ते देखकर हमें आन्तरिक प्रसन्नता होती है । भिण्ड यज्ञ में आपके पहुँचने से लोगों को बड़ा उत्साह मिला, ऐसा उन लोगों ने लिखा है । नवरात्रि में आपके यहाँ तो आयोजन बहुत ही सफल रहा । यह बहुत ही आनन्द की बात है ।

अक्टूबर के अंक दुबारा छप रहे हैं । उसमें अष्टग्रही योग वाला लेख भी शामिल कर दिया है । नवम्बर के प्रथम सप्ताह में २०० प्रतियाँ आपके पास पहुँच जावेंगी ।

आपकी धर्म पत्नी तथा बच्चों की अस्वस्थता के समाचार से चिन्ता होती है । उन्हें जल्दी ही स्वस्थ करने के लिए माता से हार्दिक प्रार्थना कर रहे हैं । आपका दूसरा पत्र सत्यदेव जी को दे दिया है ।

माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा


Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गायत्री तपोभूमि, मथुरा

गायत्री साधना, तपश्चर्या, स्वाध्याय एवं अन्वेषण का अखिल भारतीय आध्यात्मिक केन्द्र ।


क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क ..... ई.



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक-५-११-६१

हमारे आत्मस्वरूप,

आपका भावना पूर्ण पत्र मिला । यों आपकी ब्राह्मण आत्मा की ब्रह्म तत्व की ओर होती हुई प्रगति का चित्र हमारे सामने है ही पर ऐसे भावनापूर्ण पत्र आप जब कभी लिख देते हैं तब वह चित्र और भी अधिक स्पष्ट हो जाता है । उसे देखकर हमारी अन्तरात्मा गद्‌गद् हो उठती है । राजा जनक की तरह आप गृहस्थ में रहकर विरक्त की कैसी अच्छी भूमिका उपस्थित कर रहे हैं । इसे लोग आज तो नहीं पर कल जानेंगे और आपके आदर्श का अनुकरण करेंगे ।

आपके डबरा नवरात्रि आयोजन तथा भिण्ड जाने का समाचार बहुत ही सन्तोष जनक है । जो दिव्य तत्व हमें प्रेरणा करता है वही आपकी अन्तरात्मा में बैठकर कुम्हार की तरह आपको भी घुमाने लग रहा है । आप इस चाक पर चढ़ रहे हैं तो बहुत ही श्रेष्ठ मांगलिक कलश बनकर उतरेंगे ।

आपकी धर्मपत्नी की अस्वस्थता के समाचार से चिन्ता है । उनकी बीमारी का पूरा विवरण लिख भेजें । अब की बार कुछ कठिन सा लग रहा है नहीं तो साधारण प्रयत्न से ही उन्हें ठीक हो जाना चाहिए था । पूरा विवरण प्राप्त होने पर उनके लिए अधिक कठोर उपचार कर सकना हमारे लिए संभव होगा सो बीमारी का पूरा विवरण हमें लिख भेजें ।

माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा


Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गायत्री तपोभूमि, मथुरा


गायत्री साधना, तपश्चर्या, स्वाध्याय एवं अन्वेषण का अखिल भारतीय आध्यात्मिक केन्द्र ।

क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क .....



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



दिनांक-१६-११-६१

हमारे आत्म स्वरूप,

पत्र मिला । आपके द्वारा जो कार्य हो रहा है उसे पढ़कर बड़ी प्रसन्नता होती है । मन में सच्ची लगन हो तो उसकी आभा बाहर भी फूटती ही है । आपकी आत्मा परमार्थ की कक्षा में तीव्र गति से बढ़ती जा रही है । उसी हिसाब से आपके सेवा कार्य भी तीव्र होते जा रहे हैं । उन कार्यों से हमें उतनी प्रसन्नता नहीं जितनी इन कार्यों के पीछे जो आपकी आत्मिक प्रगति झाँकती दीखती है । उससे संतोष है । आपकी लक्ष्य यात्रा पूर्ण हो यही एक मात्र कामना हमारी रहती है ।

अपनी धर्म पत्नी को किसी अच्छे चिकित्सक को दिखाने और उसका ठीक प्रकार इलाज कराने का भी प्रयत्न करें । यह भी आवश्यक कर्तव्य है । आध्यात्मिक प्रयत्न तो हम कर ही रहे हैं । आशा है स्थिति में जल्दी ही सुधार होगा ।

माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

अंकों का पार्सल यहां से कई दिन पहले भिजवा देने की बात सत्यदेव कह रहे थे। आज तलाश करावेंगे और न भेजे गये होंगे तो जल्दी ही भिजवा देंगे ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org


www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गायत्री तपोभूमि, मथुरा

गायत्री साधना, तपश्चर्या, स्वाध्याय एवं अन्वेषण का अखिल भारतीय आध्यात्मिक केन्द्र ।

क्रमांक .....

दिनांक २९-११-६१



दिनांक २९-११-६१

हमारे आत्मस्वरूप,


चि० गिरजा सहाय के कार्य की गतिविधियों का परिचय तो आपको इनके पत्रों से मिलता ही रहा है । अब इनका प्रेस लगाने का अवसर आ गया है । मशीन किश्तों में ली है, सो इनकी सहायता का जैसा आपका विचार हो कर देने का प्रयत्न करें । इनकी आवश्यकता इन दिनों अधिक है, पीछे तो काम चल जायगा ।

घर में सबको हमारा आशीर्वाद कहें । **श्रीराम शर्मा**

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अखंड ज्योति प्रेस, मथुरा



दिनांक २७-१२-६१

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । कार्यालय के कर्मचारी की भूल से आपके अंक भेजे जाने से रह गये । आज की डाक से अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर के अंक भेजे जा रहे हैं । आगे तीन वर्षों तक पत्रिका आपके पास बराबर पहुँचती रहेगी ।

घर में सबको हमारा आशीर्वाद कहें ।

श्रीराम शर्मा


Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अखण्ड ज्योति प्रेस मथुरा

अखण्ड ज्योति मासिक पत्रिका, गायत्री संस्था तथा सद्ज्ञान साहित्य का प्रकाशन।

क्रमाङ्क ---------- दिनाङ्क २०-१-५२



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक २०-१-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

आपका पत्र तथा ड्राफ्ट मिला । हिसाब जमा करा दिया है ।

सत्यदेव को आपका पत्र दिखा दिया है । उनकी लापरवाही के लिए उनकी बहुत भर्त्सना भी कर दी है, वे आपसे क्षमा मांगते हैं और आगे से समय पर भेजते रहने का वायदा करते हैं ।

मंगाई हुई वस्तुयें ३-४ दिन बाद भेजी जावेंगी । हवन सामिग्री समाप्त हो गई थी सो बन रही है । ५० अंक जनवरी के अतिरिक्त भेज रहे हैं । यह युग निर्माण योजना अंक भी अक्टूबर अंक की भांति ही प्रसारित किये जाने योग्य है । इसमें अपने सेवा कार्य की रूपरेखा है ।

अष्टग्रही के अवसर पर आप कुछ सामूहिक आयोजन अपने यहाँ करने का प्रयत्न करें ।

माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

गिरजा सहाय को सहायता भेजी सो जानी । कुछ भेज देना ठीक ही था ।

श्रीराम शर्मा


Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अखण्ड ज्योति प्रेम मथुरा

अखण्ड ज्योति मासिक पत्रिका, गायत्री संस्था तथा सद्ज्ञान साहित्य का प्रकाशन।


क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क ३—३—६८



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

दिनांक २३-१-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । आपकी प्रेरणा से आष्टग्रही के अवसर पर उस क्षेत्र में अनेक यज्ञ आयोजन हुए यही बड़ी प्रसन्नता की बात है । युग निर्माण का देश व्यापी स्वागत धार्मिक भावनाओं की वृद्धि के साथ सम्पन्न हुआ यह बड़े उत्साह की बात है ।

अष्टग्रही हमारे आपके कंधों पर बहुत उत्तरदायित्व सौंप कर गई है । युग निर्माण के महान कार्य में अब हमारा जीवन लगेगा ही । पहले से भी अधिक उत्साह के साथ । आप भी इस दिशा में स्वभावतः अधिक प्रयत्नशील रहेंगे ही । अखण्ड ज्योति इस दिशा में इस वर्ष महत्वपूर्ण मार्गदर्शन करेगी । लोगों में बुराईयों का विरोधी आन्दोलन जो अभी आरम्भ हुआ है वह आगे और भी तीव्र होगा और लोगों की आत्मिक शुद्धता बढ़ाने में आप जैसी आत्मायें अधिक तत्परता से संलग्न होंगी ।

गिरजा सहाय के संबंध में जाना आप अपनी सामर्थ्य को ही प्रधानता दें । मांगने वालों की इच्छा पूर्ति कर सकना हर किसी के वश की बात नहीं होती ।


माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org


22-1-42



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक २८-१-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । कुशल समाचार जाने । यज्ञों का स्वरूप भी अब एक धन्धे तथा रामलीला जैसा बनता जा रहा है । अष्टग्रही के बाद अब इसमें सुधार करना होगा । युग निर्माण के लिए जो कार्य आवश्यक हों वे हों तथा ज्ञान यज्ञ का समुचित प्रकाश हो तो ही यज्ञों में लगने वाला श्रम, समय और धन सार्थक माना जा सकता है ।

आपकी मंगाई हुई वस्तुऐं रेल्वे पार्सल से भेजी जा रही हैं ।

हम लोगों के जीवन अब एक आहुति के रूप में युग निर्माण कार्य में लग जावें तो ही जीवन की सफलता होगी । अब निरन्तर यही कामना रहती है । अखण्ड ज्योति में यही विचार भरते रहते हैं ।

आपका सब प्रकार कल्याण हो, यही कामना माता से करते रहते हैं ।

घर में सब लोगों को हमारा अशीर्वाद और माता जी का स्नेह कहें ।

श्रीराम शर्मा

www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org


Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अखण्ड ज्योति प्रेम मथुरा

अखण्ड ज्योति मासिक पत्रिका, गायत्री संस्था तथा सद्ज्ञान साहित्य का प्रकाशन।

क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क 3-2-52



Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक ३-२-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । डबरा यज्ञ तथा आस-पास गांवों के यज्ञों के समाचार पढ़कर बड़ी प्रसन्नता हुई । इस माध्यम से आप ज्ञान और धर्म की बहुत बड़ी सेवा कर रहे हैं । ग्वालियर में भी आयोजन चल रहा है आप उस कार्य को भी संभाल लेंगे ऐसी आशा है ।

एक पंडित रख लिया यह बहुत अच्छा रहा । इससे आस-पास के गांव में भी यज्ञ कार्य की बड़ी सुविधा रहेगी । सन्यासी जी के रहने से भी अच्छा रहेगा । एक प्रचारक और एक पंडित रहने से जोड़ा अच्छा बन जायगा ।

फरवरी अंक तारीख-७ तक निकलेगा, तभी आपके अंक भी भेजे जावेंगे । इस बार कुछ लेट हो गया ।

माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा


Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अखण्ड ज्योति प्रेस मथुरा

अखण्ड ज्योति मासिक पत्रिका, गायत्री संस्था तथा सद्ज्ञान साहित्य का प्रकाशन।

क्रमाङ्क ——— दिनाङ्क ~~७ । ~~ ६२



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

दिनांक ७-२-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

आपके दोनों पत्र मिले । जयपुर यज्ञ में हम गये हुए थे सो समय पर उत्तर न दे सके तथा अपके यहां आने पर भेंट भी न हो सकी इसका दुःख रहा । आज फिर बिलासपुर जा रहे हैं तारीख १५ तक लौटना होगा ।

दाल की बोरी आने से कई महीने का यहाँ चौका का कार्य पूरा होता रहेगा । घड़ी हम बिलासपुर से लौट कर स्वयं खरीदेंगे । ड्राफ्ट तो आपका आ ही गया है ।

अनेकों बातें समय-समय पर आप से कहने को होती हैं सो हम कहते ही रहते हैं । चमड़े की जीभ से नहीं हमारी आत्मा आपकी आत्मा के साथ निरंतर मौन रूप से वार्तालाप करती रहती है । आपका यह ब्राह्मण जीवन सब प्रकार सफल ही होगा ।

माताजी आप सबको स्नेह एवं आशीर्वाद लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा


Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अखण्ड ज्योति प्रेस मथुरा

अखण्ड ज्योति मासिक पत्रिका, गायत्री संस्था तथा सद्ज्ञान साहित्य का प्रकाशन।

क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क ..... ६ ..... ६२



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक ७-४-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । नवरात्रि के आपके कार्यक्रम का समाचार पढ़कर प्रसन्नता हुई । सामूहिक आयोजनों से धर्म चेतना बढ़ती है । आत्मशांति के लिए एकान्त साधना और धर्म सेवा के लिए सामूहिक कार्यक्रमों की आवश्यकता पड़ती है । नवरात्रि का आपका कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो ऐसी कामना है ।

कलम और वाणी ही केवल हमारी है और जो कुछ भी है दैवी है । हमारे जैसे तुच्छ व्यक्ति किसी के अन्तःकरण तक किस प्रकार पहुँच सकते हैं । यह शक्ति तो केवल ईश्वरीय शक्ति में है । हमारी वाणी में घुलकर जब तक वह काम करेगी तभी तक उसका प्रभाव रहेगा । आपको यह सब पसंद आता है इसका कारण आपका उच्च आत्मिक स्तर ही है ।


कुशल समाचार भेजते रहा करो । माता जी आप सबको आशीर्वाद लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

ता-१३ को पंजाब मेल से ग्वालियर जावेंगे । वहां से रेल द्वारा भिण्ड जाने का कार्यक्रम है । भिण्ड १४ को रहेंगे । १५ को प्रातः वहां से चल कर ग्वालियर से पंजाब मेल या जनता से झाँसी जावेंगे । झाँसी १६ को रहेंगे । १६ की रात को पैसेंजर से वापिस मथुरा चले आवेंगे ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



दिनांक २६-४-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । आज ही आपकी धर्मपत्नी तथा बच्चे भी आ गये । इन्हें देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई । शाम को यह लोग भरतपुर चले जावेंगे । जल्दी में यह लोग हैं नहीं तो दो-चार दिन में माता जी इन्हें मथुरा, वृन्दावन तथा और आस-पास की चीजें दिखा देतीं । जब सुविधा हो तब सावन में या किसी अन्य अवसर पर इन्हें मथुरा भेजना ।

इतनी कम देर यह लोग ठहर सके कि प्रसन्नता तो हुई, पर संतोष नहीं हुआ ।


शेष सब कुशल है । माता जी आपको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org


गायत्री तपोभूमि, मथुरा



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



दिनांक ५-५-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला, कुशल समाचार पढ़कर प्रसन्नता हुई । सत्यदेव से फिर हिसाब भेजने को कह दिया है । उनका हिसाब अक्सर औंधा-सीधा रहता है । आप उनके लिखे को सही न मानकर अपने नोट किये हिसाब को ठीक मानें और उसी के आधार पर हिसाब करें ।

अब रचनात्मक कार्यक्रम का वह ठोस आधार आरंभ हुआ है जिसके लिए यह संस्था बनी थी । समुद्र मंथन का कार्य अब तक हुआ है अब उसमें से रत्न निकलने आरंभ होंगे । छंटे हुये थोड़े व्यक्ति रह जायें तो कोई हर्ज की बात नहीं है । वन में सिंह थोड़े ही होते हैं ।

बा. हरीराम जी को कह दें कि वे चिन्ता न किया करें । चिन्ता करने का भार माता पर छोड़कर वे निश्चिन्त रहा करें और खरा काम करने तथा सच्चे हृदय से उपासना करने पर आस्था रखें । माता सब भला करेंगी । हमसे जो बन पड़ेगा सो हम भी सहायता करेंगे ।

माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org


www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



गायत्री तपोभूमि, मथुरा

गायत्री साधना, तपश्चर्या, स्वाध्याय एवं अन्वेषण का अखिल भारतीय आध्यात्मिक केन्द्र।

क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क ~~६-~~ २-६२



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक ९-५-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

आपका पत्र मिला । ३०० रुपये का ड्राफ्ट तथा ३) भी । ड्राफ्ट का रुपया आपके खाते में जमा करा दिया है । हिसाब की जो जानकारी आपके पास हो उसकी प्रतिलिपि हमें भेज दें । उसी हिसाब से इनके कागज ठीक करा देंगे । इनका हिसाब अक्सर गंदा रहता है और ऐसी ही शिकायतें आती रहती हैं ।

चि० चिन्तामणि गणेश दातार को पत्रिका इन्दौर भेजी जाय या डबरा । इसका स्पष्ट उल्लेख आपके पत्र में नहीं है । वापसी डाक से उनका पूरा पता भेज दें ताकि अंक भेज दिए जावें ।


जनवरी अंक अब न भेजें । जितने अंकों की जरूरत थी हमें बिलासपुर से प्राप्त हो गए हैं ।

माताजी आपको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



दिनांक १६-६-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

डबरा के टूटे हुए अखण्ड ज्योति के ग्राहकों की लिस्ट तथा एक छपा परिपत्र भेज रहे हैं । इनसे मिलकर पुनः पत्रिका चालू कराने की प्रेरणा करें ।


घर में सबको हमारा आशीर्वाद और माता जी का स्नेह कहें ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अखंड ज्योति प्रेस, मथुरा



दिनांक १०-७-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

ता० १७ जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पुनीत पर्व है । इस सुअवसर पर आप स्वजनों को हम हार्दिक शुभकामना भेजते हैं ।

अखण्ड ज्योति में व्यक्त भावनाओं को अपने जीवन में उतारने तथा उन्हें अधिक व्यापक बनाने का प्रयत्न कर ही रहे हैं इससे हमें बड़ा संतोष है ।

बच्चों को स्नेह ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org


www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गायत्री तपोभूमि

(स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन एवं सभ्य समाज का रचना-संस्थान)


मथुरा.

क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क १५-६-१९६२



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



दिनांक १९-७-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । गुरु पूर्णिमा की श्रद्धाञ्जलि भी । पत्र सामने रखा है और आप सामने बैठे दिखाई पड़ते हैं । युग निर्माण योजना की सफलता ही हमारी प्रिय आकांक्षा है । हमारी ब्राह्मण आत्मा इसी के लिए तड़फती रहती है । आप इस तड़फन को मिटाने के लिए हमारे कंधे से कंधा मिलाकर जो कार्य कर रहे हैं उसके लिए हम हृदय से संतुष्ट हैं । इन दिनों जिस विचारधारा को अखण्ड ज्योति जन मानस में प्रवेश करा रही है वह प्रवाह गतिमान रहा तो असंख्यों आत्माओं में आशाजनक हेर-फेर होगा ऐसा विश्वास है ।

इन पाँच ग्राहकों को मार्च से पत्रिका भिजवा रहे हैं क्योंकि पिछले ४-५ अंक बड़े उपयोगी और संग्रहणीय हैं । १०१ ग्राहक बनाने का आपका संकल्प बहुत ही सराहनीय और संतोषदायक है ।

घर में सब स्वजनों को हमारा आशीर्वाद और माता जी का स्नेह पहुँचादें ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org


www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"अखण्ड ज्योति" प्रेस

(आत्म-सुधार, आत्म-निर्माण और आत्म-विकास का सत्साहित्य प्रकाशन)

मथुरा


क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क ० १ ० १९६२



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिनांक ७-९-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

आपका पत्र मिला । कुशल समाचार पढ़कर प्रसन्नता हुई । तेजसिंह जी द्वारा बनाये ग्राहकों की लिस्ट मिली । इन सबके लिए सितम्बर अंक से पत्रिका चालू करा रहे हैं ।

श्रीलाल तीतरा का पूरा नाम पता तथा कब कितने ग्राहकों का मनीआर्डर भेजा गया था इसका कुछ विवरण लिख दें तो रजिस्टर ढूँढ़ने में सुविधा रहेगी । उत्तर आते ही तलाश कराके जिन्हें अंक नहीं पहुँचे हैं उन्हें भिजवा देंगे ।

जिन सैकड़ों खेतों में आप गुलाब जैसे सुगंधित विचारों के पौधे लगा रहे हैं वे जब फूलेंगे तो इनकी महक से सारा वातावरण महक उठेगा । विचारों की खेती सबसे बड़ी सेवा है । अखण्ड ज्योति का बीज अनेकों पाठकों के हृदय में बोते चलने का आपका कार्य साधारण दीखते हुए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है ।

पड़ौस की जमीन की सफाई, डोर बंदी तथा लेबिल ठीक हो चुका है अब खाद डालकर पौधे लगाने का काम बाकी है । सुरक्षा के लिए इसकी बाउन्ड्री आदि भी बनानी पड़ेगी । इस सिलसिले में उधर से कुछ सहयोग की संभावना हो तो ध्यान रखें ।

माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org


www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"अखण्ड ज्योति" प्रेस

(आत्म-सुधार, आत्म-निर्माण और आत्म-विकास का सत्साहित्य प्रकाशन)

मथुरा


क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क २ ९ - ९ १९६२



www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



दिनांक १९-९-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

आपका पत्र और ड्राफ्ट मिला । रसीद इस पत्र के साथ भेजी जा रही है । इस पैसे से पड़ौस वाली जमीन की व्यवस्था बनाने में बड़ी सहायता मिलेगी । इस भूमि की सुव्यवस्था बन जाने से तपोभूमि की शोभा तथा यहाँ की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी ही होगी । आपका यह सहयोग इस समय बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ है ।


ग्राहकों की लिस्ट सत्यदेव को दे दी है । वे आवश्यक व्यवस्था सबको भिजवा देंगे । अगस्त अंक समाप्त हो गये हैं । जिनके न पहुँचे होंगे उन्हें सितम्बर अंक तो भेजे जा रहे हैं । डाक में गड़बड़ी से, कभी कभी यहाँ दफ्तर की गड़बड़ी से अंक न पहुँचने की कठिनाई होती रहती है । जिन्हें न मिला करे उन्हें पूछते रहा करें ।

माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org



दिनांक २१-९-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । ड्राफ्ट की रसीद तथा हमारा पत्र पहुँचा होगा । हरिराम सिंह जी ने जो ग्राहक बनाये हैं उनकी पत्रिका चालू करा रहे हैं । जिन लोगों के अंक नहीं पहुँचे हैं उन्हें तुरन्त ही भेज देने के लिए सत्यदेव को कह दिया है । अगस्त का अंक अब समाप्त हो गया है । आप किसी दूसरे से लेकर पढ़ लें ।

माता जी आप सबको आशीर्वाद लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org


www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गायत्री तपोभूमि

(स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन एवं सभ्य समाज का रचना-संस्थान)

मथुरा

क्रमाङ्क ..... दिनाङ्क २८-९-१९६२



दिनांक २८-९-६२

हमारे आत्मस्वरूप,

पत्र मिला । आपकी नवरात्रि साधना कल से प्रारंभ होगी ही उसमें कुछ विशेष शक्ति और प्रेरणा हम भेजते रहेंगे । तप ही ब्राह्मण जीवन की सच्ची सम्पत्ति है ।

सितम्बर अंक समाप्त हो गया था । सो अब दुबारा छपाया है । जिनके अंक नहीं पहुँचे हैं उनके सितम्बर, अक्टूबर के अक दोनों साथ-साथ पहुँचेंगे ।

अंकों संबंधी गड़बड़ी ठीक करने के लिए सत्यदेव को आपका पत्र दे दिया है ।


माता जी आप सबको स्नेह लिखाती हैं ।

श्रीराम शर्मा

